भारत सरकार /**GOVERNMENT OF INDIA**
रेलमंत्रालय/ **MINISTRY OF RAILWAYS**
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
**MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI**

## प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 11.11.2024

## आरेडिका के महाप्रबंधक द्वारा स्काउट एवं गाइड झंडा बिक्री अभियान का आगाज

भारत स्काउट एवं गाइड संगठन के 75 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर वर्ष पर्यंत स्काउट गतिविधियों के संचालन तथा आपदा प्रबंधन में सहयोग प्राप्त करने हेतु राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर संचालित झंडा बिक्री अभियान का आगाज आरेडिका के महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा के हाथों हुआ। इस अवसर पर मुख्य जिला आयुक्त एवं मुख्य सामग्री प्रबंधक श्री कामेश्वर पासवान, जिला आयुक्त एवं उपमुख्य यांत्रिक अभियंता श्री एन.के. वर्मा, जिला सचिव श्री आदित्य प्रकाश तथा जिला संगठन आयुक्त गाइड श्रीमती शबीना बानो एवं अन्य वरिष्ठ रोवर एवं रेंजर्स उपस्थित रहे। महाप्रबंधक ने स्काउट गाइड के 75 वर्षों की यात्रा के गौरवमयी सेवाकाल को स्मरण करते हुए भविष्य में मानव सेवा हेतु की जाने वाली विभिन्न कार्यों में सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया।

स्काउट एवं गाइड के जिला सचिव श्री आदित्य प्रकाश ने बताया कि स्थापना के हीरक जयन्ती वर्ष में स्काउट एवं गाइड द्वारा विभिन्न गतिविधिंयाँ की जाएगी । जिसमें पेड़ लगाना, सभी कार्यालयों में जाकर सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को झण्डा लगाना आदि क्रिया–कलाप किये जायेंगे।

11/11/2024

(अनिल कुमार श्रीवास्तव)
जनसंपर्क अधिकारी